राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

मुल्क तालीम के ही बल–बूते ताकतवर बनेगा–राज्यपाल

पटना, 22 दिसम्बर 2018

''मुल्क तालीम के ही बल–बूते ताकतवर बनेगा। मुल्क की मजबूती के लिए जरूरी है कि इंसान भाईचारा, मेलो–मोहब्बत और कौमी एकजेहती के साथ अमन और तरक्की के रास्ते पर चले।''–उक्त उद्‌गार, महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री लाल जी टंडन ने मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के 'चतुर्थ दीक्षांत समारोह' को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

स्थानीय मौलाना मजहरूल हक ऑडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मौलाना मजहरूल हक ने तालीम को मुल्क की तरक्की का सबसे बड़ा जरिया बताते हुए स्वयं भी शिक्षण संस्थान खोले थे। राज्यपाल ने कहा कि मौलाना साहब की जयन्ती के अवसर पर आज उनके नाम पर स्थानीय विश्वविद्यालय में 'दीक्षांत समारोह' का आयोजन काबिले–तारीफ है। राज्यपाल ने कहा कि साम्प्रदायिक सद्‌भावना और सामाजिक समरसता के लिए मौलाना मजहरूल हक ने आजादी की लड़ाई के दौरान काफी उल्लेखनीय कार्य किये। श्री टंडन ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने भी मौलाना साहब की काफी तारीफ की थी और उन्हें अपने जैसा ही शांतिप्रिय और भाईचारापसंद इंसान बताया था।

राज्यपाल ने कहा कि यहाँ के युवाओं को गर्व होना चाहिए कि वे उस सूबे के निवासी हैं, जिसकी काफी गौरवशाली विरासत है। श्री टंडन ने कहा कि सूबे बिहार में एवं पूरे भारत में आज तेजी से तरक्की हो रही है। पूरी दुनियाँ भारत की बढ़ती वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता के साथ–साथ, इसकी तालीमी और इल्मी ताकत का कायल होती जा रही है।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार सरकार भी काफी प्रशंसनीय कार्य कर रही है। उन्होंने मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के नये स्वतंत्र भवन–निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराने की सराहना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय का शीघ्र अपना भवन बन जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि अरबी–फारसी, संस्कृत–पाली जैसी भाषाओं को संरक्षण देते हुए इनके विकास का प्रयास होना चाहिए, साथ ही इस विश्वविद्यालय में ज्ञान–विज्ञान–प्रबंधन आदि प्रक्षेत्रों के विभिन्न विषयों की बेहतर शिक्षा दी जानी चाहिए।

राज्यपाल ने डिग्री पानेवाले विद्यार्थियों को मुबारकवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की भी शुभकामना की तथा वाइस चांसलर सहित पूरे विश्वविद्यालय–प्रशासन को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में बोलते हुए राज्य के शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नन्दन प्रसाद वर्मा ने कहा कि पूरी राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री भी इस विश्वविद्यालय की तरक्की के लिए हरसंभव मदद करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मंत्री ने उच्च शिक्षा के विकास हेतु राज्यपाल के प्रयासों को भी सराहा।

समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो॰ खालिद मिर्जा ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों का व्यापक रूप से उल्लेख किया।

राज्यपाल एवं शिक्षा मंत्री ने सभी स्वर्ण पदक विजेताओं को स्वर्ण पदक एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किया। राज्यपाल ने 'स्मारिका' भी विमोचित की। दीक्षांत समारोह में धन्यवाद–ज्ञापन प्रतिकुलपति डॉ॰ रफीक आजम ने किया तथा संचालन कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार ने किया।

....